# प्रेस नोट
## जनपद सोनभद्र
## दिनांक- 30.10.2025

**थाना चोपन की साइबर टीम द्वारा आवदेक की फ्राड हुई धनराशि कुल 70,000/- (सत्तर हजार) रुपये उसके मूल खाते मे कराया गया वापस-**

अवगत कराना है कि आवेदक अनिल कुमार पुत्र बुधिराम निवासी ग्राम सलखन बरवा टोला थाना चोपन जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 28.09.2025 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आवेदक के बैंक मे जुडे मोबाइल नम्बर का कोड प्राप्त करके फोन-पे के माध्यम से आवेदक के खाते से 70,000/- रुपये की धनराशि को किसी अज्ञात खाते मे ट्रांसफर कर लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना चोपन की साइबर टीम द्वारा आवेदक से फ्राड के सम्बन्ध मे पूछताछ कर एंव ट्रांजैक्शन से सम्बन्धित आवश्यक कागजात लेकर तत्काल साइबर पुलिस पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज की गयी।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल कुमार के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन श्री कुमुद शेखर सिंह के कुशल नेतृत्व मे थाना चोपन की साइबर टीम द्वारा NCRP पोर्टल का अवलोकन करके आवेदक की फ्राड हुई कुल धनराशि 70,000/- रुपये को सम्बन्धित खातों मे होल्ड कराया गया तथा NCRP पोर्टल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके संबन्धित बैंक शाखा को जरिये ईमेल पत्राचार करके आवेदक की फ्राड हुई धनराशि कुल 70,000/- रुपये उसके मूल बैंक खाते में आज दिनांक 30.10.2025 को सफलतापूर्वक वापस कराया गया। आवेदक द्वारा थाना चोपन की साइबर टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।